# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

## आदेश

आदेश संख्याः– 2/अ0प्र0–1–330/17 (पुनःसंधारित) 2062/पटना, दिनांक :– 29.9.23

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल औरंगाबाद अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत L058, T01 से कुशडिहरा (पैकेज सं0–BR-02R-617) पथ का निगरानी विभाग से प्राप्त जॉच प्रतिवेदन के आलोक में बिना समय वृद्धि लिए कार्य को आधा–अधूरा छोड़ रखने एवं ससमय कार्य नहीं करने के लिए संवेदक के विरूद्ध एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुसार कार्रवाई नहीं संबंधी आरोपों पर श्री दिनेश प्रसाद सिंह, तदेन सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय पत्रांक 3749 दिनांक 30.12.2019 द्वारा उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई।

श्री सिंह द्वारा पत्रांक शून्य दिनांक 05.02.2020 के माध्यम से समर्पित स्पष्टीकरण में यह उल्लेख किया गया कि संवेदक द्वारा दिनांक 12.07.17 को एकरारनामा करने के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। मिट्टी कार्य, GSB एवं WBM Grade-III का कार्य पूर्ण किया गया। इसी दौरान उग्रवादी संगठन द्वारा धमकी मिलने के बाद संवेदक द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिनांक 10.01.2008 एवं थाना अध्यक्ष रफीगंज को दिनांक 18.01. 2018 को इसकी सूचना दी गयी। इसके बाद थाना अध्यक्ष रफीगंज के निर्देशानुसार पुलिस अभिरक्षा में दिनांक 26.06.2019 को सड़क निर्माण कार्य कराया जा सका। आरोपी द्वारा साक्ष्य के रूप में संवेदक द्वारा थाना अध्यक्ष रफीगंज को दी गई सूचना, राज्य गुणवत्ता अनुश्रवक का जॉच प्रतिवेदन एवं OMMAS प्रतिवेदन की छायाप्रति संलग्न की गई है।

श्री सिंह, तदेन सहायक अभियंता के विरूद्ध गठित आरोप तथा उनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं साक्ष्यों के समग्र समीक्षोपरान्त श्री सिंह के स्पष्टीकरण को स्वीकार करने का निर्णय लिया गया।

अतः दिनेश प्रसाद सिंह, तदेन सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति सेवानिवृत के स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए उन्हें प्रश्नगत अरोप से मुक्त किया जाता है।

Sd/- 19/9/2023
(संजय दूबे)
विशेष सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ0प्र0–1–206/2013 2062 /पटना, दिनांकः– 29.9.23

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, वीरचन्द पटेल पथ, पटना/वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 19/9/2023
विशेष सचिव

(P.N) Phone-0612-2545191 Fax-0612-2545322, Website:- http//rwdbihnic.org, E-mail : secretaryrwdbihar@gmail.com , secy-reo-bih@n

ज्ञापांक :– 2/अ0प्र0–1–330/17 (पुनःसंधारित) 2062 /पटना, दिनांकः– 29.9.23

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सासाराम–2/ प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–5, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ श्री दिनेश प्रसाद सिंह, तदेन सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद सम्प्रति सेवानिवृत पत्राचार का पता–द्वारा श्री राम नारायण सिंह, पृथ्वीपुर, चिड़ैयाटांड़, पहली गली, पटना–800001 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/9/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांकः–2/अ0प्र0–1–330/17 (पुनःसंधारित) 2062 /पटना/दिनांकः–29.9.23

प्रतिलिपि :– आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/9/2023

विशेष सचिव